बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0.. 456 /2023

बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा, (BSSTET) 2023 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने, ऑनलाईन त्रुटि संशोधन करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या–पी०आर०–426/2023 के आलोक में बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा, (BSSTET) 2023 के आवेदन पत्र भरने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाईट **http://www.bsebstet.com** पर **दिनांक 29.12.2023 से 03.01.2024** तक उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। डमी प्रवेश पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित आवेदक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उपर्युक्त वेबसाईट पर उक्त तिथि तक डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरणों का त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

2. उक्त परीक्षा में वैसे आवेदक जिन्होंने अभी तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है, वैसे आवेदक समिति के **वेबसाईट http://www.bsebstet.com पर दिनांक 28.12.2023** तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् परीक्षा शुल्क लंबित रहने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी पूर्ण जबावदेही आवेदक की होगी। वैसे आवेदकों की सूची समिति के उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3. डमी प्रवेश पत्र के सुधार के क्रम में जिन आवेदकों के कोटि में परिवर्तन होता है तो उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की राशि भुगतान करना होगा अर्थात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग कोटि के आवेदक कोटि सुधारोपरांत अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि एक पेपर के लिए रू० 200/– एवं दोनों पेपर के लिए रू० 300/– ऑनलाईन विधि से **दिनांक 03.01.2024** तक जमा करना होगा। अन्यथा मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

4. **दिनांक 03.01.2024** के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

26/12/23

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,पटना।

ज्ञापांक : के0वि0– 827 /2023 पटना, दिनांक–26/12/2023

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/s Kids International Services Pvt Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. उप निदेशक, आई0टी0 (विविध)/सिस्टम एनालिस्ट, आई०टी० बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय एवं अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।

साथ ही इसकी सूचना SMS एवं Email के माध्यम से सभी आवेदकों को देने की व्यवस्था की जाए।

4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में शाखा प्रबंधक, HDFC BANK मौर्यालोक, Patna एवं शाखा प्रबंधक, AXIS BANK Patliputra, Patna शाखा प्रबंधक, PNB BANK बोरिंग रोड, Patna एवं शाखा प्रबंधक, INDIAN BANK बुद्ध मार्ग, Patna को परीक्षा आवेदन शुल्क की राशि समिति की खाता संख्या में जमा करने हेतु आवश्यक निदेश देने का कष्ट किया जाए।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC BANK मौर्यालोक, Patna एवं शाखा प्रबंधक, AXIS BANK Patliputra, Patna शाखा प्रबंधक, PNB BANK बोरिंग रोड, Patna एवं शाखा प्रबंधक, INDIAN BANK बुद्ध मार्ग, Patna से अनुरोध है कि बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा (BSSTET), 2023 का Online परीक्षा शुल्क समिति के खाता संख्या में जमा करने की व्यवस्था की जाए।
6. अपर सचिव, भण्डार (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

26/12/23

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

26/12/23
26/12/23